भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1885

11.02.2026 को उत्तर देने के लिए

मयिलादुथुराई में अनुसंधान संस्थान

†1885. कु. सुधा आर.:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जलवायु परिवर्तन से जुड़े अध्ययन राष्ट्रीय रणनीतिक ज्ञान मिशन (एनएमएसकेसीसी) के अंतर्गत मयिलादुथुराई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से जुड़े अध्ययन के लिए इसकी वैज्ञानिक रूप से रणनीतिक स्थिति को देखते हुए इसे अनुसंधान संस्थानों के नेटवर्क में शामिल करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कावेरी डेल्टा जिलों, विशेषकर मयिलादुथुराई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में हर साल बाढ़ और चक्रवात जैसी विषम मौसम की घटनाओं के मूल कारणों का अध्ययन करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मयिलादुथुराई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिसका दक्षिणी प्रायद्वीप के लिए समुद्री और कृषि महत्व है, में कोई अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है या स्थापित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय रणनीतिक ज्ञान मिशन (एनएमएसकेसीसी) के अंतर्गत तमिलनाडु में राज्य जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठ (एससीसीसी) की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य राज्य में संवेदनशीलता और जोखिम आकलन, जन जागरूकता और क्षमता वर्धन कार्यक्रमों को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। तमिलनाडु का एससीसीसी मयिलादुथुराई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और एसएसपी 2-4.5 परिदृश्यों के अंतर्गत विभिन्न फसल उपज प्रक्षेपणों के लिए कृषि डेटासेट्स का विश्लेषण कर रहा है।

(ख) तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू), कोयंबटूर में स्थित डीएसटी का उत्कृष्टता केंद्र में वर्तमान और भविष्य की अवधियों (2100 तक) के लिए पूरे तमिलनाडु में, कावेरी डेल्टा जिलों सहित,

जिसमें मयिलादुथुराई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है, मौसम संबंधी घटनाओं का विश्लेषण करने हेतु अनुसंधान कर रहा है।

(ग) अभी तक, विभाग ने मयिलादुथुराई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कोई अनुसंधान केंद्र स्थापित नहीं किया है। हालाँकि, मयिलादुथुराई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुछ अनुसंधान केंद्र मौजूद हैं, जैसे तमिलनाडु चावल अनुसंधान संस्थान (टीआरआरआई), अदुथुराई, एमएसएसआरएफ-फिश फॉर ऑल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर, पूमपुहार, और राजीव गांधी मत्स्यपालन केंद्र, सत्तनाथपुरम।

*****